दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी
دہلی پردیش کانگریس کمیٹی
DELHI PRADESH CONGRESS COMMITTEE

केजरीवाल की पूरी कैबिनेट भ्रष्टाचार में लिप्त है, 2 मंत्रियों के साथ उन्हें खुद भी इस्तीफा देना चाहिए।– चौ0 अनिल कुमार

सुप्रीम कोर्ट द्वारा मनीष सिसोदिया की जमानत की अपील को खारिज करने के बाद आखिर सत्य की जीत हुई । – चौ0 अनिल कुमार

केजरीवाल ने भ्रष्टाचारी मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन का इस्तीफा कांग्रेस के लगातार दवाब के कारण किया है। – चौ0 अनिल कुमार

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 2023 – दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस के लगातार दवाब के कारण मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन का इस्तीफा स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मनीष सिसोदिया की जमानत की अपील को खारिज करने के बाद केजरीवाल यह समझ चुके है कि अब आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट सरकार बचने वाली नही है। उन्होंने कहा कि आखिर देर से सही सत्य की जीत हुई और भ्रष्टाचार की हार। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले को सबसे पहले दिल्ली वालों के हितों की रक्षा के लिए दिल्ली कांग्रेस ने उठाया था, सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कांग्रेस की जीत है, जिसके बाद मनीष सिसोदिया का जेल में रहना तय है। उन्होंने कहा कि पूरी केबिनेट सहित केजरीवाल स्वंय भ्रष्टाचार में लिप्त है, 2 मंत्रियों के बाद केजरीवाल तुरंत इस्तीफा दें।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मनीष सिसोदिया को शराब घोटाले की जांच में दोषी पाने के बाद 5 दिन की रिमांड पर रखा हुआ जिससे राहत के लिए सिसोदिया ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की जिस पर मुख्य न्यायधीश ने यह कहकर कर खारिज कर दिया कि वे हाई कोर्ट में अपील करें। उन्होंने कहा कि जब मनीष सिसोदिया शराब घोटाले में प्रथम दोषी करार हुए हैं उनके साथ शराब घोटाले के मास्टर माईंड मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से भी पूछताछ करके उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए, क्योंकि उनके पी.ए. से सी.बी.आई. ने पूछताछ के बाद कुछ अनियमितताएं की जानकारी सीबीआई को मिली है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के कट्टर ईमानदार बेईमान मंत्री बेईमान साबित हो रहे है।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कल दिल्ली कांग्रेस ने अरविन्द केजरीवाल से मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन को मंत्री पद से हटाने की आवाज उठाई थी जिसके बाद जेल में बंद सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस भ्रष्ट शराब नीति लागू करने के पहले दिन से इसका विरोध कर रही थी जिसका नतीजा दिल्लीवालों के सामने आया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सिसोदिया की जमानत खारिज करने के बाद सत्येन्द्र जैन और सिसोदिया का इस्तीफा केजरीवाल को मजबूरन स्वीकार करना पड़ा।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल पहले ऐसे मुख्यमंत्री है जिनके पास पिछले 9 वर्षों में किसी भी मंत्रालय का प्रभार नही है, क्योंकि वे दिल्ली सरकार हर भ्रष्टाचार के आदेश देने के बावजूद उनसे बचे रहने की साजिश अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के शराब घोटालें में संलिप्तता के सबूत मिलने पर पूछताछ क्यों नही कर रही है, क्या इसमें भाजपा और केजरीवाल की कोई मिलीभगत तो नही? उन्होंने कहा कि दिल्ली को नशे की राजधानी बनाने वाले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल पर कार्यवाही होनी चाहिए।

मुख्य संवाददाता,
....नई दिल्ली।